दैनिक भास्कर

राजसमंद में नकली फेविक्विक बेचेने के मामले में राजनगर पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गोगुंदा से गिरफ्तार किया। राजनगर पुलिस थाने पर 25 जनवरी को सत्य वीर सिंह जाट (30) पुत्र गोविंद सिंह निवासी नरैना कटता जिला ढीग हाल सीनियर मैनेजर समीता लीगल एडवोकेट एण्ड सोलीसिटरर्स नोएडा लीगल अधिकृत मैसर्स पिडीलाईट इंडस्ट्रीज लि. ने रिपोर्ट पेश की। इसमें बताया कि राजसमंद मे नकली फेविक्विक सप्लाई की जा रही है जिस पर राजनगर पुलिस ने राजनगर रोडवेज बस स्टैण्ड से लोडिंग ऑटो से नकली फेविक्विक बेचते हुए राजू सिंह मौजावत (30) पुत्र सोहन सिंह मौजावत निवासी गोलाया सेमल थाना खमनोर को गिरफ्तार किया था।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/rajsamand/news/rajnagar-police-action-on-supplying-8400-fake-sachets-132554869.html